प्रारम्भिक - कार्य

अध्यक्ष द्वारा प्रारम्भिक सम्बोधन ।

माननीय सदस्यगण,आप सबों का स्वागत है ।

चौदहवीं बिहार विधान सभा के नवम सत्र में आप सबों का स्वागत है। यह सत्र वर्तमान कार्यक्रमानुसार ३० जुलाई, २००८ तक के लिए निर्धारित है।

बिहार की ९ करोड़ जनता का ध्यान आज से विधान सभा सत्र की ओर लगा होगा। बिहार में लोकतंत्र का प्रारम्भ वैशाली से हुआ। बिहार, बुद्ध और महावीर की धरती है। नालंदा विश्वविद्यालय हमारी ही धरती पर था इसलिए इसे ज्ञान का भण्डार समझा जाता है।

सत्र के सफल संचालन में आप सबों का सक्रिय सहयोग अपेक्षित है। सदन का समय बहुत मूल्यवान होता है। इसके एक-एक क्षण का सदुपयोग ही इसकी सार्थकता है। साथ ही इसकी गरिमा की अभिरक्षा एवं जनता के विश्वास की भी सुरक्षा का दायित्व हमारे उपर बनता है। आशा और विश्वास है कि आप सबों का सदन के सफल संचालन में सहयोग प्राप्त होगा ।